**वार्तालाप-602, बम्बई (महाराष्ट्र), दिनांक 19.07.08**
**Disc.CD No. 602, dated 19.07.08 at Bombay (Maharashtra)**
**Extracts-Part-1**

**समयः 07.14-10.06**
**जिज्ञासुः** भक्तिमार्ग में जिन जानवरों की आत्माओं को काट के खाते हैं, बलि चढ़ाते हैं...
**बाबाः** मनुष्यों की, जानवरों की?
**जिज्ञासुः** उनकी आत्मा बदला लेती है क्या?
**बाबाः** बदला लेती नहीं है? जानवर मनुष्यों को मार के नहीं खा जाते हैं? मनुष्य मनुष्यों को नहीं मार देते हैं? नहीं मारते हैं क्या? (जिज्ञासु - मारते हैं।) मारते हैं। यहाँ ज्ञान में भी मारते हैं। जो जानवर बुद्धि हैं, उनको समझाना बुझाना चाहिए या सीधा ऐसा तीखा बाण मारना चाहिए जो मर जाएं? क्या करना चाहिए? जानवर बुद्धि को मानवीय बुद्धि बनाना चाहिए। और मानवीय बुद्धि बना करके उनको जीवित रखना चाहिए या गुस्से में आ करके उनकी मौत कर देनी चाहिए? अनिश्चय बुद्धि रूपी मौत करना अच्छा है या निश्चय बुद्धि जीवन अच्छा है? (सबने कहा - निश्चयबुद्धि।) तो शूटिंग पीरियड में भी होता है, तो ज्ञानमार्ग में भी होता है या नहीं होता है?

**Time: 07.14-10.06**
**Student:** The animals that are killed and eaten or offered as a sacrifice in the path of *bhakti*...
**Baba:** Of the human beings and animals?
**Student:** Does their soul take revenge?
**Baba:** Does it not take revenge? Don't the animals kill human beings and eat them? Don't the human beings kill human beings? Don't they kill them? They kill. People kill here in the knowledge as well. Should those who have an animal like intellect be explained or should such a sharp arrow be shot at them that they are killed? What should be done? Those with an animal like intellect should be transformed into those with a human like intellect. And after transforming them into a human intellect, should they be kept alive or should they be killed out of anger? Is it good to make them die the death in the form of a doubting intellect or is it good to live a life with a faithful intellect? (Everyone said: A faithful intellect.) So, does it happen in the shooting period as well as in the path of knowledge or not?

यहाँ भी हत्याएं होती हैं ब्राह्मणों की दुनिया में। और वहाँ भी हत्याएं होती हैं। क्या यहाँ ब्राह्मणों की दुनिया में पूतनाएं नहीं हैं क्या? छोटे-छोटे बच्चे ज्ञान में पैदा होते हैं। खुदकी बुद्धि में ज्ञान बैठा हुआ है कि पवित्र रहना अच्छा है, लेकिन छोटे-छोटे बच्चों को विकारी बनाय देती हैं। तो कौनसी शूटिंग हो जाती है? पूतना की शूटिंग हो जाती है। काल के गाल में ढकेल देती है। ऐसे नहीं कि फीमेल की ही ये बात है। कंसी, जरासिंधी भी हैं जो कृष्ण जैसी तेज वाले अच्छे-अच्छे बच्चों को कंस के कोस घर में डाल देते हैं। दुनिया समझती है बड़े अच्छे पुरुषार्थी हैं। और जब भेद खुलता है तो पता चलता है इनको तो ज्ञान में बिल्कुल निश्चय है ही नहीं। देह अभिमान के रास्ते अपनाते


Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

हैं। कोर्ट कचहरी के रास्ते अपनाते हैं। रिश्वत देने के रास्ते अपनाते हैं। तो उनकी बुद्धि में ज्ञान बैठा हुआ कहेंगे या मरे हुए कहेंगे? मरे हुए हैं।

Even here killings take place in the world of Brahmins. And killings take place there as well. Are there not Putnas[1] here in the world of Brahmins? Small children are born in the path of knowledge. The knowledge that it is good to lead a pure life has sat in their intellect, but they make small children vicious. So, which *shooting* do they perform? They perform the shooting of Putna. They push them in the jaws of death. It is not that this is about just the females. There are Kansas and Jarasindhis[2] also who put nice children with Krishna like luster into the slaughter house of Kansa. The world thinks that they are very nice *purusharthis*[3]. And when the secret is revealed, then they come to know that this one does not have any faith in knowledge at all. They adopt the ways of body consciousness. They adopt the ways of courts. They adopt the ways of giving bribes. So, will it be said that the knowledge has sat in their intellect or will they be said to be dead? They are dead.

**समयः 10.13-11.46**

**जिज्ञासुः** बाबा, आज गुरु पूर्णिमा है भक्तिमार्ग में।

**बाबाः** हाँ, जी। हाँ, तो क्या कहना चाहते? गुरु पूर्णिमा तो है।

**जिज्ञासुः** आज गुरुवार है...

**बाबाः** चलो गुरू मान लो, चाहे कुछ भी मान लो। जैसी-जैसी धारणा। ये तो अपने ऊपर है। वैसे बाप, टीचर सद्गुरु, है तो एक ही रूप। लेकिन पार्ट नम्बरवार है या एक साथ तीनों पार्ट चलते हैं? (सबने कहा - नम्बरवार।) तो सद्गुरु का पार्ट अभी कहेंगे या नहीं कहेंगे? अभी नहीं कहेंगे। अभी टीचर की क्लेरिफिकेशन, व्याख्या चल रही है। सद्गुरु का पार्ट तो बहुत तीखा होता है और बहुत सख्त होता है। एक वाक्य को भी अगर उल्टा पुल्टा निकला तो माफ नहीं करेगा। अभी तो कितने ही... ☺

**Time: 10.13-11.46**

**Student:** Baba, today it is *Guru Purnima* in the path of *bhakti*.

**Baba:** Yes. So, what do you wish to say? It is indeed *Guru Purnima*.

**Student:** Today is *Guruwar* (Thursday).

**Baba:** OK you may consider him to be a guru or anything. Each one has a different belief. It depends on individual [thinking]. However, the Father, the Teacher and the *Sadguru* are in the same form. But are the *parts* number wise (one after the other) or are all the three parts played simultaneously? (Everyone said – Number wise.) So, will it be said that the *Sadguru*'s part is being played now or not? It will not be said now. Now the *clarification*, explanation is being given by the Teacher. The *Sadguru*'s part is very sharp and very strict. Even if a sentence is uttered incorrectly, He will not pardon you. Now we [commit] so many... ☺

[1] A witch in the epic Mahabharata who tried to kill Krishna by poisoning him.
[2] Villainous characters in the epic Mahabharata.
[3] Those who make spiritual effort.



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

**समयः 11.49-12.40**

**जिज्ञासुः** बाबा, जो आत्मा शरीर छोड़ती है उनका श्राद्ध करते हैं वो आत्मा आती है। कैसे?

**बाबाः** पहले जब सतोप्रधानता थी तो आत्माएं आती भी थीं। अभी तो तमोप्रधानता बढ़ गई। तो सिर्फ लीक पीटते हैं।

**जिज्ञासुः** उनको भोग चढ़ाया जाता है।

**बाबाः** भोग चढ़ाते हैं, वो सिर्फ परंपरा अपनाते हैं। आत्मा आती नहीं है। अभी कलियुग की शूटिंग हो रही है। सब आत्माएं तमोप्रधान बन चुकी हैं। पितरों की आत्माएं भी तमोप्रधान हो चुकी हैं।

**Time: 11.49-12.40**
**Student:** Baba, when a soul leaves its body, then *shraadh*[4] is organized for that soul and that soul comes. How?
**Baba:** When there was *satopradhanta*[5] earlier, the souls (of ancestors) used to come. Now *tamopradhanta*[6] has increased. So, they just follow it as a ritual.
**Student:** They are offered *bhog*[7].
**Baba:** As regards offering of *bhog*, they just follow the tradition. The soul does not come. Now the *shooting* of the Iron Age is going on. All the souls have become *tamopradhan*. The souls of the ancestors have also become *tamopradhan*.

**समयः 13.51-15.30**

**जिज्ञासुः** बाबा, मकान बानाना माना प्रापर्टी बनाना, बाबा ने बोला है। और एक वाणी में ऐसे भी बोला है कि जो बाप बच्चों के लिए मकान नहीं बना सकता वो राजा कैसे बनेगा?

**बाबाः** हद की बात बोली कि बेहद की बात बोली? बेहद का बाप बेहद के बच्चों से बेहद की बातें करते हैं। तो आप हद के बच्चे हैं या बेहद के बच्चे हैं? बेहद बाप के बच्चे हैं या हद के बाप के बच्चे पहले हैं? अभी कौनसे हैं? (जिज्ञासु - बेहद के।) तो फिर क्यों पूछ रहे हो? जब कि मुरली में दूसरी तरफ क्रास वाक्य भी बोल दिया है। अभी प्रापर्टी नहीं बनानी है। अगर पैसे हैं तो बाल बच्चों के पेट में जाने दो। उनकी अच्छे से परवरिश करो। जो तुम्हारे फेवर में रहें, ज्ञान में चलें। अलौकिक बच्चों की परवरिश करो ताकि अपना भाग्य बने। मिट्टी में पैसा बहाने से कोई फायदा होने वाला नहीं है। ढेर सारे मकान खाली मिल जावेंगे। अभी तो थोड़े सेन्टर्स हैं। मुरली में बोला है आगे चल करके लाखों की तादाद में तुम्हारे सेन्टर्स हो जावेंगे। तो क्या मकान बना-बना के देंगे क्या? खरीदेंगे जमीन? उसके ऊपर बिल्डिंग बनायेंगे? इतनी मेहनत करने की दरकार नहीं है। हमारा तो सहज राजयोग, सहज ज्ञान है।

---
4 a ritual performed every year for ancestors
5 Stage of being *satopradhan*.
6 Stage of being *tamopradhan*.
7 Offering of food.

**Time: 13.51-15.30**
**Student:** Baba, building a house means building a property, Baba has said so. And it has been said in a vani that how can a father who cannot build a house for his children become a king?
**Baba:** Did He speak about the limited topic or the unlimited topic? The unlimited Father speaks about the unlimited topics to the unlimited children. So, are you the limited children or the unlimited children? Are you the children of the unlimited Father or are you the children of the limited father first? What are you now? (Student: Unlimited.) Then why are you asking? On the other hand a contradictory sentence has also been spoken in the murli: You should not make property now. If you have money, then use it to feed the children. Bring them up well so that they remain in your *favour*, follow the knowledge; take care of the *alokik* children so that you accumulate fortune. There is not going to be any use in wasting money. You will get numerous vacant houses. Now there are a few *centers*. It has been said in the murli that your centers will grow into lakhs (hundred thousand) in the future. So, will you build houses and give? Will you buy land? Will you construct buildings on that? There is no need to work so hard. Ours is an easy Raja yoga, easy knowledge. ... (to be continued.)

**Extracts-Part-2**

**समयः 15.55-16.27**

**जिज्ञासुः** बाबा, किसी को बीमारी नहीं, कुछ नहीं, अपने आप शरीर छोड़ देता है।

**बाबाः** हार्ट फेल हो जाता है।

**जिज्ञासुः** नहीं, अपने आप शरीर छोड़ देता है।

**बाबाः** अपने आप माने हार्ट फेल होता है। जैसे हार्ट फेल होता है ऐसे ही शरीर छोड़ देते हैं। क्या बड़ी बात हो गई? कोई में भूत-प्रेत ऐसा प्रवेश करता है कि तुरंत शरीर छुड़वा देता है।

**Time: 15.55-16.27**
**Student:** Baba, some people leave their body automatically without suffering any disease.
**Baba:** They have a heart failure.
**Student:** No. They leave their body on their own.
**Baba:** On their own means that they have a heart failure. For example, people have heart failure; similarly they leave their body. What is a big deal in it? Ghosts and spirits enter some people in such a way that they make them to leave their body immediately.

**समयः 16.47-17.50**

**जिज्ञासुः** बाबा, एडवांस में एक बच्चा ज्ञान में चलेगा तो उसके परिवार बाले ज्ञान में आएंगे। तो अभी तो चल नहीं रहे हैं।

**बाबाः** तो क्या हुआ? अभी दुनिया खतम हो गई क्या? धीरज धर मनुआ धीरज धर। **बाबा** ने बोला है - ये बुद्धि में रहना चाहिए। कोई सामान्य व्यक्तित्व ने नहीं बोला है। किसने बोला है? (सभी ने कहा - बाबा ने।) बाबा ने बोला, और किसके मुख से बोला है? (सभी ने कहा - शिवबाबा ने।) नहीं,


Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

किसके मुख से बोला है? अव्यक्त बापदादा के मुख से बोला है। ब्रह्मम् वाक्यम् जनार्दनम्। दुनिया के मुख से निकली हुई बातें झूठी हो सकती हैं, लेकिन ब्रह्मा बाबा ने जो कुछ बोला वो मुख से निकली हुई बातें झूठी... (सभी ने कहा - ...नहीं हो सकतीं।) तो प्रश्न क्यों उठता है? कुख वंशावली हो या मुख वंशावली? कुख वंशावली नहीं बनना अब। सोच समझ के बोलना।

**Time: 16.47-17.50**
**Student:** Baba, if one child follows the advance knowledge, then the members of his family will enter the path of knowledge. But they are not following [knowledge] now.
**Baba:** So what? Has the world perished now? Have patience my mind, have patience. Your intellect should be aware that **Baba** has said this. Any ordinary personality hasn't said this. Who said this? (Everyone said: Baba.) Baba has said this; and through whose mouth did He say it? (Everyone said: Shivbaba.) No, He has said this through whose mouth? He has said this through the mouth of *Avyakt Bapdada*. *Brahmam vaakyam janardanam*[8]. The words uttered through the mouth of the [people of the] world can be false, but whatever Brahma Baba spoke ... (Students: ... cannot be false.) So, why do you raise a doubt? Are you the lap born progeny or the mouth born progeny? Do not become the lap born progeny now. Speak carefully.

**समयः 17.52-20.39**

**जिज्ञासुः** बाबा, तुलसी और कृष्ण का क्या संबंध है?

**बाबाः** हाँ। कृष्ण को सिर्फ एक महारानी ही थी या पटरानियाँ भी थीं? (सभी ने कहा - पटरानियाँ भी थीं।) एक महारानी थी राधा और आठ पटरानियाँ भी थीं। उनका नाम पटरानियाँ क्यों पड़ा? क्योंकि पुरुषार्थ तीखा करते-करते टॉपमोस्ट का पुरुषार्थ करते करते माया ने अंत में उनको पट्ट में गिराय दिया। इसलिए उनका नाम पट्टरानियाँ पड़ा। तो तुलसी को पटरानी कहते हैं या महारानी कहते हैं या रानी कहते हैं? क्या कहते हैं? अरे भक्तिमार्ग में क्या कहते हैं? पटरानी कहते हैं। वो दो प्रकार की पटरानियाँ हैं। एक हरित तुलसी और दूसरी काली तुलसी। और दोनों का स्थान अलग-अलग है। एक कांटों के जंगल में ही रहती है। फिर पूजा क्यों होती है? भगवान तो मन्दिर में रहता है। और वो कांटों के जंगल में रहती है। तो फिर पूजा का आधार क्या है? जरूर थोड़े से थोड़े टाइम मन्दिर में भी रही होगी। इसलिए काली तुलसी की भी पूजा होती है। पूजा का आधार ही है प्यूरिटी। और हरित तुलसी की तो घर-घर में पूजा होती है क्योंकि वो घर-गृहस्थ बनाकर लंबे टाइम तक भगवान के साथ रही होगी। भक्तिमार्ग में वो देवी का मेला भी मनाते हैं। सबसे जास्ती मेला जगदम्बा का होता है। क्योंकि उसने जितना लंबे समय तक मनसा का, वाचा का, कर्मेन्द्रियों का मिलन मेला मनाया है भगवान के साथ, उतना जास्ती मिलन मेला और कोई भी पटरानी ने नहीं मनाया।

[8] Any sentence uttered through the mouth of Brahma is the version of God.



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

**Time: 17.52-20.39**
**Student:** Baba, what is the relationship between Tulsi and Krishna?
**Baba:** Yes. Did Krishna have only one *maharani* (empress) or did he have *patranis* (queens) as well? (Everyone said: He had *patranis* as well). One *maharani* was Radha and there were eight *patranis* as well. Why were they named *patranis*? It is because while making intense *purusharth*, while making the *topmost purusharth*, Maya made them fall into the pit (*patt*) at last. This is why they were named *pattranis*. So, is Tulsi called *patrani*, *maharani* or *rani*? What is she called? *Arey*, what do they call her in the path of *bhakti*? They call her *patrani*. There are two kinds of *patranis*. One is *harit tulsi* (the green Tulsi) and the other is *kaali tulsi* (the dark Tulsi). And the place of both is different. One lives only in the jungle of thorns. Then why is she worshipped? God lives in temples. And she lives in a jungle of thorns. So, what is the basis of worship? Definitely she will have lived in the temple as well for some time. This is why the dark Tulsi is also worshipped. The basis of worship itself is purity. And the green Tulsi is worshipped in every home because she will have lived with God in a household for a long time. The fair of that *devi* is also organized in the path of *bhakti*. The biggest fair is organized for Jagdamba because no other *patrani* enjoyed the fair (meeting) with God to the extent to which she enjoyed the meeting with God through mind, through words, through the *karmendriya*[9].

**समयः 21.37-22.45**
**जिज्ञासुः** रामायण में दिखाते हैं कि जटायु सीता को बचाने का प्रयास करता है। जटायु पक्षी। वो जटायु का क्या पार्ट है?
**बाबाः** जटायु का पार्ट वो है जो भगवान का साथ तो देता है, रावण से लड़ाई भी लड़ता है, लेकिन जटायु ज्यादा बलवान है या रावण ज्यादा बलवान पड़ता है? (सभी ने कहा - रावण।) रावण ज्यादा बलवान पड़ता है। इतना बलवान पड़ता है कि उसके ज्ञान, योग के पंखों को काट देता है। धराशायी हो जाता है। परन्तु फिर भी, धराशायी होते-होते भी भगवान से उसका मेल हो जाता है, साक्षात्कार हो जाता है। सद्गति हो जाती है क्योंकि जितनी ताकत थी उतना मुकाबला किया। इसलिए सद्गति पाता है।

**Time: 21.37-22.45**
**Student:** It is shown in the Ramayana that Jatayu tries to save Sita. The bird Jatayu. Who plays the part of Jatayu?
**Baba:** Jatayu's *part* is played by the one who does help God, who fights with Ravan as well, but is Jatayu more powerful or is Ravan more powerful? (Student: Ravan.) Ravan is more powerful. He is so powerful that he cuts his (Jatayu's) wings of knowledge and yoga. He falls to the ground. Yet, despite falling to the ground, he meets God. He has His vision. He achieves true liberation because he confronted [Ravan] to the extent he had power. This is why he achieves true liberation.

[9] Parts of the body used to perform actions.

**समयः 22.56-28.45**

**जिज्ञासुः** बाबा, सीता मैया शिव धनुष को उठा लेती है। लेकिन रावण नहीं उठा पाता। बेहद में क्या अर्थ है?

**बाबाः** हाँ। वो शिव का धनुष कहा जाता है। धनुष है पुरुषार्थ रूपी। और पुरुषार्थ शरीर के द्वारा किया जाता है या बिना शरीर के किया जाता है? (सभी ने कहा - शरीर द्वारा।) शरीर के द्वारा पुरुषार्थ किया जाता है। शरीरों के लिए बोला है कि शरीर सड़ते जावेंगे, और आत्मा? पावरफुल होती जावेगी। इतने शरीर सड़ते जावेंगे कि हाथों में कंपन होने लगे। आँखों में चश्मा चढ़ जाए। दाँतों में कैप्स चढ़ जाए। नाक भी काम न करे और कान भी काम न करे। कोई भी इन्द्रियाँ काम न करे। सब हिलती-डुलती, तो भी ईश्वरीय कार्य में पीछे रहे या आगे बढ़ करके रहेगा? (सभी ने कहा - आगे बढ़के रहेगा।) उसको कहेंगे ईश्वरीय पावर। समझ में आ गया? क्या समझ में आया?

**Time: 22.56-28.45**

**Student:** Baba, mother Sita lifts Shiva's bow, but Ravan is unable to lift it. What is its meaning in the unlimited?

**Baba:** Yes. It is called Shiva's bow. It is the *purusharth* like bow. And is *purusharth* made through the body or without the body? (Everyone said: Through a body.) *Purusharth* is made through the body. It has been said for the bodies that the bodies will go on rotting and what about the soul? It will go on becoming *powerful*. The bodies will go on rotting so much that the hands will start shivering. The eyes will be covered by spectacles. The teeth will be covered by *caps*. Neither the nose nor the ears will work. No *indirya*[10] will work. All the *indriya* will keep shaking. Still, will he lag behind in the task of God or will he surge ahead? (Everyone said: He will surge ahead.) That will be called the Divine *power*. Did you understand? What did you understand?

**जिज्ञासुः** बाद में राम उसको तोड़ देता है।

**बाबाः** हाँ, शिव का धनुष का मतलब शरीर रूपी धनुष जिसको रावण नहीं तोड़ सका। ब्राह्मणों की दुनिया में दस सिरों का पार्ट कोई आत्माओं का है या नहीं है? (जिज्ञासु - है।) पाँच विकार - काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार। चित्र तो दिखाते हैं। सिर दिखाते हैं या नहीं? (जिज्ञासु - दिखाते हैं।) तो चरित्र करने वाले भी कोई होंगे। और 5 देवताएं - जल, वायु, अग्नि, आकाश - ये दिखाते हैं ना। ये 5 तत्व मंदोदरी के पाँच सहयोगी। तो दस रावण के सिर हो गए। परन्तु रावण के 10 सिरों का भी बाप कौन है? देह अभिमान।

**Student:** Later on Ram breaks it.

**Baba:** Yes, Shiva's bow means a bow like body which Ravan could not break. Do some souls play the *part* of the ten heads in the world of Brahmins or not? (Student: They do play.) The five vices: lust, anger, greed, attachment, ego. A picture is depicted. Do they show the heads or not? (Student: They do show.) So, there will be some who play the part as well. And [there are] the five deities:

[10] Parts of the body.

water, wind, fire, sky [and earth], they are shown, aren't they? These five elements are the five helpers of Mandodari[11]. So, these constitute the ten heads of Ravan. But who is the father of the ten heads of Ravan as well? Body consciousness.

देह अभिमान के लिए कौनसे जानवर का चित्र दिखाया जाता है? गधे का चित्र दिखाया जाता है। गधा कहो, बैल कहो, जब एक्साइटमेंट आता है तो बुद्धि से सोचता है या देह अभिमान में आ करके धूल में लोट जाता है? क्या करता है? धूल में लोट जाता है। कितना भी धोबी उसकी परवरिश करे, नहलाए, धुलाए, फिर भी क्या करेगा? धूल में लोट जावेगा। तो रावण के 10 सिर और 11वां सिर कौनसा हुआ? देह अभिमानी गधा। वो कौन है? (जिज्ञासु - ब्रह्मा।) किसी को ज्ञान की कोई बात बुद्धि में नहीं बैठती है तो क्या कहते हैं? गधा। ऐसे ही गीता का भगवान कितनी सहज बात बुद्धि में आनी चाहिए लेकिन बुद्धि में नहीं बैठता कि गीता का भगवान परमपिता परमात्मा शिव शंकर भोलेनाथ हो सकता है या कोई देहधारी हो सकता है? तो क्या कहेंगे? (जिज्ञासु - गधा।) गधा। अभी समझ में आ गया? रामकृष्ण भाई समझाओ। नहीं आ रहा है समझ में। पूरी कांध नहीं हिल रही है। नहीं आया? अच्छा किसकी समझ में आया तो बताओ।

The picture of which animal is shown for body consciousness? A donkey's picture is shown. Call it a donkey or call it a bull; when it becomes excited, then does it think through the intellect or does it roll in mud by becoming body conscious? What does it do? It rolls in mud. However much the washerman may sustain it, wash it, bathe it, what will it do? It will roll in mud. So, the ten heads of Ravan and who is the eleventh head? The body conscious donkey. Who is that? (Student: Brahma.) If a topic of knowledge does not sit in somebody's intellect, what do people call him? Donkey. Similarly, the topic of '[who is] God of the Gita' should sit in the intellect so easily, but it does not sit in the intellect whether can the Supreme Father Supreme Soul Shiva Shankar Bholenath be God of the Gita or can any bodily being be that. So, what will be said? (Student: Donkey.) Donkey. Did you understand now? Ramkrishna bhai, explain to him. He is unable to understand. He is not nodding his head completely☺. Did you not understand? *Achcha*, tell [us] if anyone has understood.

अरे शिव का धनुष माने ऐसा शरीर रूपी पुरुषार्थ करने वाला लचीला शरीर रूपी रथ जो पुरुषार्थ रावण नहीं कर सका, रावण उस पुरुषार्थ रूपी धनुष को हिला भी नहीं सका। और सीता ने तो आराम से हाथ में उठाय लिया। और राम ने तो उसे तोड़ ही डाला। ये किसकी हड्डियों का धनुष था? (जिज्ञासु - दधीची।) दधीची ऋषि की हड्डियों का धनुष था। हड्डी-हड्डी सेवा में किसने लगाया? ब्रह्मा बाबा ने लगाया। राम के लिए क्यों नहीं कहेंगे दधीची? (किसी ने कहा - यज्ञ के आदि में...) आदि में तो राम वाली आत्मा थी। (किसीने कहा - तोड़ने वाला बड़ा होता है ना।) क्या बड़ा होता है ? (सभी ने कहा - तोड़ने वाला।) हाँ, जी।

[11] Wife of Ravan.



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

*Arey*, Shiva's bow means such a flexible chariot like body which makes *purusharth* that even Ravan could not make that *purusharth*; Ravan could not even shake that *purusharth* like bow. And Sita lifted it comfortably in her hands. And Ram completely broke it. It was a bow made of whose bones? (Student: Dadhichi.) It was a bow made of the bones of sage Dadhichi. Who invested his every bone in service? Brahma Baba invested. Why will it not be said for Ram that he was Dadhichi? (Someone said: In the beginning of the *yagya*...) The soul of Ram was there in the beginning. (Someone said: The one who breaks it is greater.) What is great? (Everyone said: The one who breaks.) Yes. ... (to be continued.)

**Extracts-Part-3**

**समयः 28.52-31.09**

**जिज्ञासुः** बाबा, मुरली में बोला गया है कि भगवान की वाणी को ...।

**बाबाः** भगवान की वाणी को?

**जिज्ञासुः** एक बार भी सुनेगा तो वो स्वर्ग में आ जाएगा।

**बाबाः** मेरे मुख से अगर दो शब्द भी सुना तो स्वर्ग में क्यों नहीं आवेगा? तो भगवान के मुख से सुनने वाले कितने होंगे दुनिया में? अरे? (जिज्ञासु - साढ़े चार लाख।) बस। साढ़े चार लाख ही सुनेंगे? कितने सुनेंगे? अरे जो आदि सो अंत। आदि में सिंध हैदराबाद की आबादी कितनी थी? (जिज्ञासु - 9 लाख।) 9 लाख आबादी थी। अंत में भी मुख के सामने अगर दो मिनट भी आ करके सुन लिया तो सन्मुख सुनने वाले की लिस्ट में हुआ कि नहीं हुआ? (सभी ने कह - हुआ।) वो स्वर्ग में क्यों नहीं आवेगा?

**Time: 28.52-31.09**
**Student:** Baba, it has been said in the murli that the vani of God...
**Baba:** God's vani?
**Student:** If someone listens to it even once, he will come in heaven.
**Baba:** [It has been said in the murlis:] If someone listens to even two words from My mouth, why will he not come to heaven? So, how many in the world will listen from the mouth of God? *Arey?* (Student: Four and a half lakhs.) That is all? Will only four and a half lakh (450 thousand) listen? How many will listen? *Arey*, whatever happened in the beginning will happen in the end. What was the population of Sindh Hyderabad in the beginning? (Student: 9 lakh.) The population was 9 lakh (900 thousand). If someone listens face to face from the mouth for even two minutes in the end, is he included in the *list* of those who listen face to face or not? (Everyone said: He is.) Why will he not come to heaven?

**जिज्ञासुः** दूसरी तरफ बोला है कि भक्तिमार्ग का थोड़ा भी अंश रहा तो शरीर छोड़ना पड़ेगा।

**बाबाः** शरीर छोड़ना अलग बात। स्वर्ग में आना अलग बात। स्वर्ग कोई पहले जन्म में ही नहीं होता है। सतयुग के आठवें जन्म में स्वर्ग होगा या नहीं होगा? (जिज्ञासु - होगा।) और पहले जन्म में भी आबादी कितनी होगी अंत में? पहले जन्म के अंत में कितनी आबादी होगी? जन्म लेने वाले कितने

और जन्म देने वाले कितने होंगे? ( सभी ने कहा - साढ़े चार लाख।) साढ़े चार लाख जन्म देने वाले और साढ़े चार लाख जन्म लेने वाले। तो ये संपूर्ण लक्ष्य हुआ या अधूरा लक्ष्य हुआ स्वर्ग में आने का? संपूर्ण लक्ष्य हुआ क्योंकि अगर दूसरे जन्म में आ करके कोई आत्मा जन्म लेती है तो द्वापरयुग से दूसरे धर्म में कन्वर्ट हो जावेगी। उसको पक्का स्वर्गवासी नहीं कहेंगे।

**Student:** On the other hand it has been said that if there is even a trace of the path of *bhakti* [in someone], he will have to leave the body.
**Baba:** Leaving the body is a different topic [and] coming to heaven is a different topic. Heaven does not exist only in the first birth. Will there be heaven in the eighth birth of the Golden Age or not? (Student: It will be there.) And what will be the population in the end of the first birth as well? What will be the population in the end of the first birth? How many will be the one who give birth and how many will be the ones who are born? (Everyone said: Four and a half lakh.) Four and a half lakh will give birth and four and a half lakh will be born. So, is this a perfect goal or an incomplete goal of coming to heaven? It is a complete goal because if a soul is born in the next birth, it will *convert* to other religions from the Copper Age. It will not be called a firm resident of heaven.

**समयः 31.14-34.44**

**जिज्ञासुः** बाबा, एकलव्य को द्रोणाचार्य ने धनुरविद्या नहीं सिखाई तो उसने गुप्त रूप में वो सीखी। उसके बाद उनका अंगूठा ले लिया। अश्वत्थामा ने पूछा उनका अंगूठा क्यों लिया? तो बोले उसने चुपके से धनुरविद्या सीखी थी इसलिए। तो ज्ञान में उसका कुछ राज है क्या?
**बाबाः** राज़ यही है कि गुरु लोग ने अन्याय करना शुरू कर दिया या न्याय किया? (सभी ने कहा - अन्याय।) चुपके से सीखी। अब तुमने परमीशन नहीं दी। उसने मूर्ति बना करके सीखी। विद्या लेना ये कोई खराब काम है क्या? (सभी ने कहा - नहीं।) अच्छा, चोरी से ज्ञान ले लेना, ये खराब काम है क्या? नहीं। लेकिन गुरू ने अन्याय किया। और गुरू होते ही हैं अन्यायी ☺। ये देहधारी मनुष्य गुरुओं की बात है। अंगूठा काट लिया का मतलब? आत्मिक स्थिति खलास कर दी। फिर भी उसने पुरुषार्थ करके उंगलियों से बाण चलाना सीख लिया। क्या? अंगूठे से ही नहीं बाण चलाता है। ये दो उंगलियों को भी इकट्ठा करने से बाण चलाने की प्रैक्टिस की जा सकती है।

**Time: 31.14-34.44**
**Student:** Baba, Dronacharya did not teach archery to Eklavya, so he learnt it secretly. Later on, he (Dronacharya) took his (Eklavya's) thumb (as fees). Ashwatthama (Dronacharya's son) asked him: Why did you take his thumb? Then, he (Dronacharya) said: It is because he (Eklavya) learnt archery secretly. So, what is its secret in knowledge?
**Baba:** The secret is that did gurus start doing injustice or justice? (Everyone said: Injustice.) He learnt it secretly. Well, you did not give *permission*. He learnt it by making a sculpture [of Dronacharya]. Is it bad to obtain education? (Everyone said: No.) *Achcha*, is it bad to steal knowledge? No. But the guru did injustice. And gurus are anyway unjust☺. It is about the bodily human gurus. What is meant by cutting the thumb? He ended his soul conscious stage. Yet, he made *purusharth* and learnt to shoot arrows with his fingers. What? Arrows are not shot just with the help


Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

of the thumb. One can *practice* shooting arrows by bringing together these two fingers (Baba is demonstrating the way of shooting arrow).

उसका नाम क्या था? एकलव्य। जो एक को लव करने वाला है वो कभी किसी से हार नहीं मानता। गुरू के प्रति उसकी श्रद्धा अटल थी या डिग गई? अटल श्रद्धा रही। (जिज्ञासु - यही बात अश्वत्थामा के मन को खाती थी इसलिए उन्होंने ये सवाल किया।) ये तो आज के भी गुरू लोग कह रहे हैं, जो ब्राह्मणों की दुनिया के गुरू लोग हैं वो नहीं कहते हैं कि यहाँ की मुरलियाँ चुराय ली हैं? ( किसी ने कहा - कहते हैं।) भगवान की मुरलियाँ चुराना खराब बात है या अच्छी बात है? (जिज्ञासुओं ने कहा - अच्छी बात है।) और कागज़ के पत्ते कोई घरों में सेंध लगा करके चुराय लिये या देने वालों ने दे दिये तो लिये? ( सभी ने कहा - दिये तो लिये।) देने वालों ने दिये, पढ़ने वालों ने पढ़े। तुमने उसका ध्यान नहीं दिया तो उसमें दूसरे का क्या कसूर? कोई भगवान की वाणी को महत्व देता है, कोई महत्व नहीं देता है। कोई ने गोद को प्यार किया, गोद में बैठे-बैठे सुख लिया ब्रह्मा बाबा के, तो गोद ही याद आवेगी या वाणी याद आवेगी? (जिज्ञासु - गोद।) गोद याद आती है। तो अंतिम अंजाम क्या होता है? ब्रह्मालीन स्वामी हो जाते हैं या भगवान की गोदी में पहुँचते हैं? ब्रह्मलीन हो जाते हैं☺।

What was his name? Eklavya. The one who loves One never accepts defeat at the hands of anyone. Was his devotion for the guru unshakable or did it shake? The devotion was unshakeable. (Student: This is what pricked Ashwatthama’s heart and he questioned him.) Even today’s gurus are saying this; don’t the gurus of the world of Brahmins say that you have stolen our murlis? (Someone said: They say.) Is it bad or good to steal God’s murlis? (Students: It is good.) And were the paper murlis stolen from someone’s house or were they obtained when someone gave them? (Student: They obtained when the givers gave them.) The givers gave; the readers read them. You did not pay attention to it; so, how can others be held guilty in that? Some give importance to God’s vani and some do not. Some loved the lap; they obtained happiness while sitting in the lap of Brahma Baba; so, will the lap come to their mind or will his words come to their mind? (Student: The lap.) The lap comes to their mind. So, what is the ultimate result? Do they become *Brahmaliin swami*[12] or do they reach the lap of God? They become *Brahmliin*☺.

**समयः 34.47-37.15**

**जिज्ञासुः** भगवान को चित्त चोर क्यों कहा जाता है बाबा?

**बाबाः** चित्त किसे कहा जाता है? चित्त वृत्ति। वृत्ति माने जो वृत्त खिंचता है, मन का चारों तरफ वायब्रेशन फैलता है, उसको वृत्ति कहते हैं। चित्त की वृत्ति अर्थात् मन की वृत्ति। मन-बुद्धि का जो वृत्ताकार चारों तरफ फैलता है उसको कहते हैं चित्त वृत्ति। तो भगवान 500-700 करोड़ की जो भी मनुष्यों की दुनिया है, उन सभी आत्माओं की चित्त वृत्ति को चुराके परमधाम में ले जाएगा या

[12] Devotee merged in the element *Brahm*; a religious sect found in India.

कोई को छोड़ देगा? ( सभी ने कहा - ले जाएगा।) नहीं जावेंगे तो मार-कूट करके भी ले जाऊंगा। ☺ तो सबका चित्त चोर हो गया। ऐसे नहीं 16000 का ही चित्त चोर होता है।

**Time: 34.47-37.15**
**Student:** Baba, why is God called *citt cor*[13]?
**Baba:** What is meant by *citt*? *Citt vritti. Vritti* means the circle that is drawn; the vibration of mind that spreads everywhere is called *vritti. Vritti* of the *citt* means the vibrations of the mind. The sphere of the mind and intellect that spreads everywhere is called *citt vritti*. So, will God steal the *citt vritti* of all the souls of the world of 5-7 billion (500-700 crore) human beings or will he leave anyone? (Everyone said: He will take them.) If they don't go, then I will take them even by resorting to beatings☺. So, He happens to be everybody's *citt cor*. It is not that He is the *citt cor* of just the 16000.

कल भी पुलिस फर्रूखाबाद आश्रम में घुसी थी। जबरियन जा करके कई कन्याओं से पूछताछ की। चित्तवृत्ति का भेद लेने के लिए। लेडीज़ पुलिस ने भी और जेन्ट्स पुलिस ने भी। कम्पिल में भी वाक्या हुआ था तो दो महीने लगातार लेडीज़ पुलिस सुबह से ले करके शाम तक तैनात रहती थी एक-एक से पूछताछ करती थी अलग-अलग ले जाकर। अब जिनका चित्त चुराय लिया गया है उनके मुख से तो कुछ भी निकलने वाला नहीं है।
**जिज्ञासुः** आदि में भी हुआ था ऐसा।
**बाबाः** आदि में भी हुआ था सो अंत में भी होगा। आदि में बीजरूप में सूक्ष्म रूप में थोड़ा हुआ। अभी अंत में विशाल रूप में होता जावेगा और दुनिया में आवाज़ फैलती जावेगी।
**जिज्ञासुः** जितना ही होगा और आवाज़ फैलेगी।
**बाबाः** और आवाज़ फैलेगी। आज के अख़बार में कुछ निकला होगा। प्रेस वाले भी आये थे साथ में।

The police had entered Farrukhabad ashram yesterday as well. They made enquiries from many virgins forcibly to find out the secrets of their mind. Ladies police as well as gents police. Even when the incident of Kampil had taken place; the ladies police used to remain posted continuously from morning to evening for two months. They used to enquire from each one separately. And nothing is going to come out of the mouth of those whose heart has been stolen [by God].
**Student:** The same thing happened in the beginning as well.
**Baba:** It had happened in the beginning and it will happen in the end as well. It happened in a seed form, a subtle form in the beginning to some extent. Now it will go on happening in a big form now in the end. And the sound will go on spreading in the world.
**Student:** The more it happens, the more the sound will spread.
**Baba:** The more the sound will spread. Something must have been published in today's newspaper. The press people had also come with them.

[13] The one who steals the heart; a title of Krishna.



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

**समयः 37.26-39.52**

**जिज्ञासुः** बाबा, सबसे टॉपमोस्ट पुरुषार्थ है अपने को अशरीरी आत्मा समझना। जितना अशरीरी आत्मा समझेंगे उतना बंधन फटाफट खलास हो जाएंगे।

**बाबाः** बंधन आत्मा समझने से फटाफट खलास नहीं होगा। आत्मा समझने से सिर्फ प्रैक्टिस होगी आत्मिक स्थिति में रहने की। लेकिन आत्मा के साथ अगर परमपिता परमात्मा शिवबाबा को याद नहीं किया तो पाप कर्म भस्म नहीं होंगे। हमारा प्रवृत्तिमार्ग की याद है या सिर्फ आत्मा की याद है? हमारी प्रवृत्तिमार्ग की याद है। आत्मा भी चाहिए और साथ में परमात्मा भी चाहिए। हमारा है ही प्रवृत्तिमार्ग। ये इब्राहिम, बुद्ध, क्राइस्ट ये बिन्दी को याद करते हैं अपनी आत्मा को याद करते हैं या कोई साकार को याद करते हैं? किसको याद करते हैं? सिर्फ बिन्दु को याद करते हैं। इसलिए विधर्मी बन जाते हैं। देवता नहीं बन पाते। इनकी आत्मा में देहभान रह जाता है। एक शिव परमात्मा ही है जिसमें देहभान का नाम निशान भी नहीं है। 100 परसेन्ट आत्माभिमानी। वो भी प्रैक्टिकल किसी शरीर के द्वारा प्रत्यक्ष होता है। और जिस शरीर के द्वारा प्रत्यक्ष होता है उसी का नाम शिव के साथ जोड़ा जाता है। बाकी 33 करोड़ देवताओं में से कोई का नाम शिव के साथ नहीं जोड़ा जाता। न ब्रह्मा का और न... विष्णु सम्पूर्ण माना जाता है। परन्तु विष्णु का भी नाम शिव के साथ नहीं जोड़ा जाता। नाम किस आधार पर पड़ता है? ( सभी ने कहा - काम के आधार पर।) काम के आधार पर नाम पड़ता है।

**Time: 37.26-39.52**

**Student:** Baba, the topmost *purusharth* is to consider oneself to be a bodiless soul. The more you consider yourself to be a bodiless soul, the faster your bondages will end.

